हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 29. 0 डिग्री

4 खरीफ फसल की सिंचाई के लिए 5 जुलाई से नहरों में छूटेगा पानी



## खबर संक्षेप

### चांपा के जेजीएम हास्पिटल में स्वास्थ्य शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** चांपा के तहसील रोड स्थित जेजीएम मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल में 14 जून को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जाएगा। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इस शिविर में पेट एवं लीवर से संबंधित सभी समस्याओं का उपचार एवं सर्जरी की जाएगी। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. लाजपत अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। शिविर में पित्त की थैली एवं नली में पथरी व कैंसर सर्जरी, भोजन नाली में कैंसर की सर्जरी, लीवर व पैक्रियास कैंसर सर्जरी, पेट, छोटी आंत सर्जरी, पेट जलन, पेट फूलना सहित अन्य रोगों पर उपचार व सर्जरी होगी। जेजीएम अस्पताल में हर माह के दूसरे शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### जिले में 16 से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह प्रतिबंध छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उक्त अवधि में क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### महिला चिकित्सक पद के लिए आवेदन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास व आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास/आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 1 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 20 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, रजिस्टर्ड अथवा सीधे जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए 26 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम रसौटा के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन करने हेतु संबंधित ग्राम के इच्छुक एजेंसी ग्राम पंचायत, वन समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य पात्र संस्थाओं से आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित 26 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय में आमंत्रित किया गया है। तहसील पामगढ़ के नगर पंचायत खरौद, ग्राम बिलारी एवं ग्राम रसौटा के ग्राम के इच्छुक एजेंसी ग्राम पंचायत, वन समिति, महिला स्व सहायता समूह, अन्य पात्र संस्थाओं से आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित 26 जून तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ आवेदन में आमंत्रित किया गया है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा आधे-अधूरे आवेदन पत्र को अमान्य किया जाएगा।

---

### संचालक संघ कलेक्टर एवं डीईओ से लगा चुके हैं फरियाद

# शिक्षा का अधिकार : निजी स्कूलों को दो साल बाद भी नहीं मिले 2 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूल संचालकों को गरीब बच्चों को पढ़ाने के एवज में 12 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जाना था। जिसमें 10 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है, लेकिन 2 साल बाद भी 2 करोड़ की बकाया राशि का भुगतान करना शेष है। राशि भुगतान की मांग को लेकर निजी स्कूल संचालक कलेक्टर एवं डीईओ से फरियाद लगा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत 454 निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। जहां करीब 3 हजार 400 छात्र-छात्राएं शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क कर रहे हैं, ताकि वह भी अन्य बच्चों की तरह बड़े स्कूल में पढ़ाई लिखाई कर सके। विभागीय जानकारी के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में गरीब बच्चों को निः शुल्क पढ़ाने के एवज में निजी स्कूल संचालकों को 12 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जाना था, लेकिन इनमें से 10 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान




निजी स्कूल संचालकों को हो पाया है, जबकि अभी 2 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान करना शेष है। इस समस्या को लेकर निजी स्कूल संचालक संघ के द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। निजी स्कूल संचालकों को बकाया राशि मिलने का इंतजार है। ऐसे में राशि नहीं मिल पाने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना भी करना पड रहा है। ऐसे में उन्हें शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली राशि नहीं मिल पाने के कारण कई निजी स्कूल संचालकों की आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रति बच्चे शासन के द्वारा कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक 7 हजार 500 रुपया कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक 11 हजार 400 रुपया एवं कक्षा 9 मई से लेकर 12वीं तक 14 हजार रुपए की राशि शासन प्रति बच्चे खर्च करती है, ताकि बच्चे बड़े निजी स्कूलों में पढ़ाई लिखाई कर सकें व्यवस्था के आधार पर निजी स्कूल संचालक गरीब बच्चों को अपने स्कूलों में भर्ती करके पढ़ा लिखा तो देते हैं, लेकिन उन्हें शासन से मिलने वाली राशि का इंतजार रहता है वहीं 2 साल से बकाया राशि नहीं मिल पाने के चलते निजी स्कूल संचालकों की दिक्कतें बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के गरीब वर्ग से आने वाले बच्चों को उनके पात्रता के अनुसार निजी स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

#### नए शिक्षा सत्र के लिए एडमिशन की प्रक्रिया हो चुकी है शुरू

जांजगीर चांपा जिले में शिक्षा सत्र वर्ष 2024 एवं 2025 में जहां आवेदन की प्रक्रिया काफी पहले पूरी की जा चुकी है। वहीं अब एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है। कई निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश चल रहा है। निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए पालक का आधार कार्ड, बच्चों का आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत बीपीएल सर्वे सूची में नाम सहित अन्य तरह का दस्तावेज जरूरी रहता है। इसकी हार्डकापी संबंधित नोडल अफसरों को देनी रहती है। तब कही जाकर बच्चों का निजी स्कूलों में प्रवेश हो पाता है।

#### कराया गया है अवगत

निजी स्कूल संचालकों को आईटीई के तहत मिलने वाली 2 साल की राशि नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर कलेक्टर एवं डीइओ को अवगत कराया गया है।

**-मनोज पाण्डेय,**
अध्यक्ष, निजी स्कूल संचालक संघ

#### भेज दी गई है जानकारी

निजी स्कूल संचालकों का करीब 2 करोड़ राशि बकाया है इस बात की जानकारी विभाग के उच्च अफसरों को भेज दी गई है इसे लेकर निजी स्कूल संचालकों के द्वारा अवगत भी कराया जा चुका है।

**-आशुतोष सिंह,**
प्रभारी आरटीई
जांजगीर चांपा

---

# नो एंट्री में दौड़ रहे 24 घंटे विशालकाय वाहन, हादसों का बना रहता है अंदेशा

## आंदोलन की चेतावनी के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद



पामगढ़ ससहा मार्ग में लगी वाहनों की कतार।

पामगढ़-ससहा मार्ग में नो एंट्री का नियम विशालकाय वाहनों के पहिए तले रौंदा जा रहा है। प्रवेश निषेध का बोर्ड जिम्मेदारों की उदासीनता को चिढ़ा रहा है और केवल शोपीस बनकर रह गया है। जिम्मेदार कुंभकरण नीद मे सो रहे हैं और भारी वाहन चौबीसों घंटे दौड़ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण यह है कि प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहन दौड़ रहे हैं जब भारी वाहन खराब हो जाने से फंस जाने विशालकाय वाहनों लम्बी कतार लग रही है

गुरुवार सुबह करीब 6 बजे डोंगाकोहरौद मार्ग से गुजरते वक्त लारी ट्रक वाहन अगला चक्का खराब हो जाने से सकरा सड़क फंस गया। इसके बाद आवागमन बाधित हो गया। जाम की स्थिति बनकर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। दो घण्टे मे बना तब वाहनों को सड़क पर जाम रहा। पामगढ़ - डोंगाकोहरौद-ससहा मार्ग में की जर्जर हालात को पिछले पांच-साल पहले कलेक्टर द्वारा इस मार्ग में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध किया था। इसके लिए पीडब्लयूडी विभाग और पुलिस विभाग को अमल कराने जिम्मेदारी सौंपी थी। ओवरलोड वाहन दिन-रात इस बेधड़क बेफिक्र विशालकाय वाहन मार्ग में दौड़ रहे हैं। पामगढ़ अंबेडकर चौंक में प्रवेश निषेध का बोर्ड आज भी लगा हुआ है जो केवल शोपीस बनकर रह गया है। इधर इसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति दयनीय जर्जर हो रही है तो दूसरी ओर आए दिन भारी व वाहनों के फंसने से घंटों तक जाम में फंसना पड़ रहा है। सड़कों पर फंसने की घटना हो रही है। जाम लग रहा है इसके बावजूद भी जिम्मेदार घोर निद्रा में सोए है। बेसुध मुक दर्शक बने हुए हैं। रास्ते में खड़े बड़े वाहनों के कारण आगे निकलने का नहीं मिलता रास्ता डोंगाकोहरौद में लगने वाले जाम से निजात दिलाने और भारी वाहनों से हो रही दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा नो एंट्री लागू की गई थी। ऐसा कोई दिन नो एंट्री के दौरान कोई भी भारी वाहन को डोंगाकोहरौद के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना था, लेकिन आदेश होने के बाद पुलिस द्वारा नो एंट्री का पालन न कराकर भारी वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा है। इससे डोंगाकोहरौद के सड़क व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। डोंगाकोहरौद में बढ़ी वाहनों की संख्या से यातायात व्यवस्था बेकाबू हो जाती है। वहीं भारी वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। इन सब अव्यवस्थाओं के चलते नो एंट्री में भारी वाहनों की मौजूदगी समस्या को और बढ़ा देती है। बावजूद डोंगाकोहरौद में वाहन चालक जाम से निकलने के लिए वाहनों के बार-बार हॉर्न बजा कर एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मे मशक्कत कर रहे हैं, लेकिन रास्ते में खड़े बड़े वाहनों के कारण आगे निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है। गुरुवार को गरगज मुहल्ला में ऐसे हालात दिखाई दिए ससहा पामगढ़ की ओर जाने वाले रोड पर भी भारी वाहनों सड़क बीचो बीचो बीच खराब होने से वाहनों को खड़े कर दिए गये हैं।

---

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले को 25 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नाबालिग का दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 25 साल सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। आरोपी युवक का सहयोग करने वाले दीदी और जीजा को भी दंडित किया गया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने फैसला सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक 7 जून 2023 को घर में बिना किसी को बताएं सक्ती रेलवे स्टेशन चली गई थी। वह शक्ति के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म में बैठी थी तभी आरोपी चंद्र कुमार लहरे उसके पास पहुंचा। चंद्र कुमार लहरे ने नाबालिक का हाथ को खींचते हुए चाकू से मारने की धमकी देते हुए उसे ट्रेन में बैठा कर खरसिया ले गया। इसके बाद वह अपने जीजा तुलसी की मदद से नाबालिग को मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर महका ले गया। चंद्र कुमार लहरे ने रात में नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। अपने दीदी एवं जीजा के नजरबंदी में 17 जून से 3 जुलाई तक घर पर रखा और दैहिक शोषण किया। नाबालिग ने एक दिन किसी तरह मौका पाकर चंद्र कुमार के मोबाइल से अपने घर में फोन कर आप बीती सुनाई। नाबालिग के घरवालों ने किसी तरह चंद्र कुमार लहरे को शादी कराने की बात कहकर बहलाया और वापस आने को कहा। घर जाने पर नाबालिग ने घरवालों को सारी बात बताई। इसके बाद पुलिस थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी चंद्र कुमार लहरे उसके जीजा तुलसी खाण्डे और दीदी गिरजा बाई खांडे को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय सक्ती में पेश किया। फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती के विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने तीनों को दोषी पाया। चंद्र कुमार लहरे को धारा 363 के लिए 7 वर्ष, धारा 366 के लिए 10 वर्ष, धारा 376 (3) के लिए 25 वर्ष एवं धारा 6 पोक्सो एक्ट के लिए 25 वर्ष का सश्रम कारावास एवं क्रमशः 1 हजार रुपए, 2 हजार रुपए, 50 हजार रुपए एवं 50 हजार रुपए की अर्थ दंड, तुलसी खांडे को धारा 363, 34 के लिए 7 वर्ष, धारा 366, 34 के लिए 10 वर्ष एवं लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम के तहत 25 वर्ष का सश्रम कारावास, गिरजा बाई खांडे को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अपराध के लिए 25 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा दी गई है । अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने की।

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन मालगाड़ी को समपार वाले रास्ते पर खड़ा कर दिया जाता है। इस तरह की समस्या विगत 5 सालों से बनी हुई है, लेकिन रेलवे विभाग का जिम्मेदार आमला समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।

---

# सब्जी मंडी में पसरी गंदगी, जनप्रतिनिधि और अफसरों का नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर की सब्जी मंडी में इस समय नगर पंचायत सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इससे रहवासी तथा राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**खास बात**
- बदबू के चलते वार्डवासियों का जीना मुश्किल

टेंपल सिटी के वार्ड न 9 पर स्थित सब्जी मंडी परिसर में स्वच्छता कहीं नहीं दिखाई दे रही है। प्रतिदिन सब्जी मंडी में सुबह लहसुन, प्याज सहित अन्य सब्जियों की नीलामी होती है। नीलामी के बाद यहां पर कचरा मंडी परिसर के आस पास में फैल जाता है। यहां पर सफाई कर्मचारी लापरवाही बरतते हैं। इसके अलावा आलू प्याज एवं सब्जियों के सढ़ने से तेज दुर्गंध भी आती है। किसान अशोक कुमार ने बताया कि सब्जी मंडी में बाहर से आने वाले किसानों के लिए कोई पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं है। यहां पर न नालियां है और न ही सार्वजनिक शौचालय है सब्जी मंडी के पास पूरी तरह से गंदगी फैली पड़ी हुई हैं। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। यहां पर बदबू के कारण चंद मिनिट रुकना भी दूभर हो जाता है। आने वाले दिनों में बारिश के पानी से गंदगी और फैलेगी जिससे कई प्रकार के बीमारी भी उत्पन्न हो सकते है। वार्ड के लोग समस्या को लेकर कई बार सब्जी व्यापारी नपा के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने प्रशासन से मांग की है कि सब्जी मंडी के पास गंदगी को तुरन्त प्रभाव से हटाई जाये ताकि लोगो को आने जाने में असुविधा ना हो। इसके बाद इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है।



सब्जी मंडी में पसरी गंदगी।

---

# खेत में रुपए का दांव लगाकर खेल रहे थे जुआ, 7 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

ग्राम पंचायत मुड़पार एवं खिसोरा के खेत में रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने धर दबोचा। साथ ही उसके कब्जे से 12 हजार रुपए जब्त किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसारजिले में जुआ व सट्टा खिलाने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जुआ खिलाने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमे सायबर टीम जांजगीर एवम थाना नवागढ़ पुलिस को 12 जून को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार खिसोरा के खेत में रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है की सूचना प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक अनिल कुर्रे के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ एवं सायबर टीम जांजगीर से संयुक्त टीम तैयार किया गया जो गवाहों के जाकर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपियों को रूपयें पैसे का दांव लगाकर काट पट्टी नाम का जुआ खेलने पाए जाने पर कार्यवाही की गई। आरोपी वीरेंद्र कुमार पिता अनुज राम निवासी खिसोरा, मोहन दास पिता नारायण दास निवासी खिसोरा, किशोर दास पिता अशोक दास निवासी खिसोरा, रमेश कुमार पिता साखी राम बंजारे निवासी खिसौरा, शिवा काटले पिता शंकर लाल निवासी खिसोरा, पंकज कुमार पिता बाली राम निवासी मुड़ापार एवं ननकी लहरे पिता कृपाल निवासी खिसोरा के पास से 52 ताश पत्ती, जुमला रकम 12070 रुपए की बरामद कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक संगम राम, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना थाना प्रभारी नवागढ़, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक पारस पटेल, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आरक्षक गिरीश, रोहित कहरा, आनंद सिंह, सिदार सिंह पैकरा, चिरंजीव सायबर सेल जांजगीर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

---

## सड़क हादसों को कम करने अकलतरा पुलिस की पहल

# ब्लैक स्पॉट पर ब्रेकर और संकेतक बोर्ड लगाकर दुर्घटना रोकने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क हादसों में कमी लाने अकलतरा पुलिस ने ब्लैक स्पॉट पर कुछ खास इंतजाम किए हैं। ब्लैक स्पॉट पर ब्रेकर बनाने के साथ ही संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। सड़क दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए बचाव के लिए ये कवायद की गई है।

जिले में बढ़ती दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस बचाव के कई उपाए कर रही है। वाहनों की जांच कर ट्रेफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हाकिंत किया जा रहा है, जहां हादसे ज्यादा हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बचाव के लिए दुर्घटनाजन्य स्थल पर जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ब्लैक स्पॉट पर जरूरी कवायद की जा रही है। इसी कड़ी में अलकतरा पुलिस द्वारा अकलतरा थाना क्षेत्र के दुर्घटनाग्रस्त स्थल बलौदा रोड को चिन्हाकिंत कर साईन बोर्ड लगाया जा रहा है। साथ ही सड़क दुर्घटना के कारणों को जानकर दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में साइन बोर्ड, रेडियम, संकेतिक चिन्ह, ब्रेकर व रोड मरम्मत कराकर सड़क दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे स्थानों में बोर्ड लगाकर अवगत कराया जा रहा है। जिला पुलिस जांजगीर - चाम्पा द्वारा अपील की है कि दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में होने वाली सड़क दुर्घटना से बचने के लिए सावधानी से चलें। ब्लैक स्पॉट पर गाड़ी धीमी चलाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, हेलमेट पहनकर बाइक चलाने , सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाने, बाइक में तीन सवारी न चलने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।




ब्लैक स्पॉट्स जगहों पर संकेतक बोर्ड लगाते पुलिस कर्मचारी।

### 46 वाहन चालकों पर कार्रवाई

सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए यातायात नियम तोडने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 12 जून को भी यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक रूल तोड़ने वाले 46 वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वाहन चालकों से 16 हजार 2 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

---

# तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में खुलेआम होती है शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तुस्मा नर्सरी ग्राउंड में लोग गम भुलाने मौज अथवा दुरुस्ति के लिए नियमित पीने वाले शराब खोर ने तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में उधम मचा रखा है। नर्सरी ग्राउंड शराबखोरों के लिए अड्डा बन गया है जहा लोग मोटर साइकिल में सवार होकर चखने के साथ दाखिल होते है।

तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में शराब पीने का आनंद लेते है वैसे तो खेल मैदान में बच्चे युवा और वरिष्ठ जन तक मैदान में चहल कदमी और खेलकूद के लिए पहुंचते है। लेकिन नर्सरी ग्राउंड खेल मैदान में सिर्फ शराब की बोतले और डिस्पोजल पड़ी मिती है। सुबह जब खिलाड़ी ग्राउंड में पहुंचते है तो चारों तरफ शराब बोतल की अंबार लगा होता है और खिलाड़ी गढ़ हर रोज मैदान की साफ सफाई करने को मजबुर है स्थानीय पुलिस को एक नजर नर्सरी ग्राउंड को झांकने तक की समय नही है। शिवरीनारायण थाना प्रभारी को इस संबंध में जानकारी नही है लेकिन विभाग को भी कार्यवाही करने के लिए फुर्सत तक नही है। शाम ढलते ही मैदान के चारों तरफ शराबियों का ऐसा नजारा रहता है



**खबर संक्षेप**



## बाजार में बिकने आया जामुन

**हरदीबाजार।** गर्मी के मौसम में अक्सर जिले के जंगलों से प्राकृतिक फल चार, तेंदू और जामून मार्केट में पहुंच जाते थे। इस वर्ष गर्मी के मौसम में तेंदू और चार की फसल जंगलों में कम होने के कारण शहर के मार्केट में नजर नहीं आए। लोगों में इस बात की चर्चा थी कि चार और तेंदू की फसल नहीं हुई। यही उम्मीद जामुन की फसल को लेकर बनी हुई थी, लेकिन दो दिन से जिले के जंगली क्षेत्रों से जामुन के फसल की आवाक होने से बाजारों में जामुन बिकने लगे हैं। बाजार में जामुन की कीमत 60 रुपए किलो है। वहीं प्राकृतिक व जंगली फलों में तेंदू, चार, कोसम पहले जैसे बाजारों में बिकते नजर नहीं आते। समय के साथ ग्रामीण इन्हें पकने से पहले ही तोड़कर सुखाकर ऊंचे दामों में दुकानदारों को बेच रहे हैं, नतीजा आम लोगों को इनके दर्शन व स्वाद लेना सपना सा हो गया है।

## सामाजिक संस्था कंचन माटी ने किया पौधरोपण

**कोरबा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था कंचन माटी द्वारा पौधरोपण तथा जल जंगल जमीन संरक्षण बिषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष श्रीमती रमा राज ने कहा कि जिस तरह से दिनों दिन तापमान में वृद्धि हो रही है। इससे हमें प्रकृति द्वारा स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि पौधरोपण कार्य को एक आंदोलन के रूप में सम्पूर्ण विश्व में शुरूवात करने की आवश्यकता है। इस दिशा में कंचन माटी द्वारा प्रत्येक वर्ष एक हजार वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में विमला कंवर, विदयोन्ति पोर्ते, माधुरी ध्रुव ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मत श्रोते अरूणा मार्को, मोना सिंह ध्रुव, देवकी ध्रुव दीपिका, समीक्षा, निर्मल राज जवाहर सिंह मार्को, गेंद लाल, अवध राम, मुकुंद श्रोते गंगा कंवर, रमेश सिरका, विक्रम सिंह कंवर सहित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## पीईटी व पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**कोरबा।** व्यापमं द्वारा आयोजित पीईटी व पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 13 जून को दो पालियों में आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण हेतु उड़नदस्ता दल नियुक्ति की गई है, जिसके अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी कोरबा एमआर डहरिया, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल टीडी टोण्डे तथा व्याख्याता सेजेस गोपालपुर श्रीमती ललिता पटेल को उड़नदस्ता नियुक्त किया गया है।

जाँजगीर मार्केट
पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

**ईश्तहार / उद्घोषणा**
**रा.प्र.क्र. ....अ-2/2023-24**
**ग्राम उच्चभिट्ठी**
**प.ह.न.....01...... तहसील चांपा**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम........ उच्चभिट्ठी प.ह.नं. 01 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री मितेश केडिया पिता गोपाल प्रसाद केडिया ने कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 27.06 2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

खसरा नं. 237/1, 239/1 एवं 239/4 रकबा 0.145 हे0, 0.073 हे., 0.077 हे. कुल रकबा 0.295 हेक्टेयर भूमि .... लगान.... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 12/06/2024 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**
**रा.प्र.क्र. ...अ-2/2023-24**
**ग्राम उच्चभिट्ठी**
**प.ह.न.....01......... तहसील चांपा**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम........ उच्चभिट्ठी प.ह.न. 01 तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री गोपाल प्रसाद केडिया पिता मथुरा प्रसाद ने कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त औद्योगिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 27/06/2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

खसरा नं. 237/6, 237/7, 237/8, 237/9, 237/10, 238/5, एवं 238/3 रकबा 0.210 हे0, 0.067 हे., 0.105 हे., 0.033 हे., 0.150हे1, 0.081 हेक्टेयर एवं 0.129 हे. में से 0.081 हेक्टेयर कुल रकबा 0.727 हेक्टेयर भूमि .... लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 12/06/2024 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

### चार माह पूर्व जनवरी में तैयार हुई थी कार्ययोजना

# पीएम जनमन योजना में शामिल विकास कार्य अब किए जाएंगे शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

जिले में चार माह पूर्व संचालित जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए जनवरी माह में चलाए गए जनमन अभियान अंतर्गत पहुंच मार्ग का निर्माण और प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया था, किंतु चार माह तक इन कार्य योजनाओं पर अमल नहीं हो सका था। आचार संहिता की वजह से तैयार प्रस्ताव की फाईल पर कोई कार्य नहीं हुआ।

**खास बात**

- पहुंच मार्ग के साथ पीएम आवास हुए स्वीकृत

बरसात के पूर्व पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रकोष्ठ को एजेंसी बनाया गया है। जिसके द्वारा सर्वे के दौरान अति दुर्गम इलाके में निवास करने वाले जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पहुंच मार्ग बनाने का निर्णय लिया गया। इन क्षेत्रों तक पहुंच मार्ग का निर्माण न होने से खाद्यान्न के भंडारण तक सही समय पर नहीं हो पाता था। परिणाम स्वरूप ऐसे क्षेत्रों में समय पर खाद्यानों का वितरण नहीं होने की शिकायतें जिला मुख्यालय तक पहुंचा करती थी। इनके अलावा ऐसे क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की भी दरकार बनी हुई है। हालांकि वन क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में सोलर पैनल पूर्व में लगाए गए हैं, जिनसे इन ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट का प्रकाश पहुंचा है। सड़क मार्ग के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी प्राथमिकता में लिया है। इसके लिए विकासखंडवार सर्वे का कार्य किया गया था। विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा जिले का सबसे बड़ा विकासखंड होने के कारण समस्या ग्रस्त है। जहां पहुंच मार्ग को लेकर पूर्व में भी जनपद पंचायतों में प्रस्ताव पारित हुए थे।



### कारीमाटी, राजाडीह पहुंच विहीन

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कारीमाटी पसान मार्ग में स्थित है। आमतौर पर यह गांव सड़क से नजर नहीं आता, केवल एक बोर्ड लगा हुआ है। जिसे आसपास गांव होने की जानकारी मिलती है। कारीमाटी गांव की स्थिति ऐसी है कि मुख्य मार्ग से लगभग डेढ़ किलोमीटर नीचे यह गांव बसा हुआ है। वन विभाग ने इस गांव तक जाने के लिए पहाड़ी को काटते हुए ऊपर पहुंच मार्ग से लेकर नीचे तक मिट्टी की सड़क का निर्माण किया था। इसी तरह करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाला राजाडीह ग्राम कुदमुरा के समीप स्थित है। जहां तक पहुंचने के लिए नाले को पार करना पड़ता है, जिसमें पुल निर्माण की आवश्यकता स्थानीय ग्रामीणों ने जताई है।

### 22 क्षेत्रों में पहले होगा काम

सर्वे अभियान के तहत पांचों विकासखंड के अंतर्गत 22 जनजाति क्षेत्र ऐसे आए हैं जो जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में बसे होने के साथ दुर्गम इलाके में स्थित है, जहां पहुंचने के लिए पैदल मार्ग ही उपलब्ध रहता है। लोकसभा चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय से 115 किलोमीटर दूर अमझर जैसे गांव सामने आए थे। जहां पहुंच मार्ग के लिए भी ग्रामीणों का इंतजार करना पड़ रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत ने ऐसे दुर्गम इलाकों में पैदल चलकर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया था, उस दौरान इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण की प्राथमिकता बताई गई थी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इन क्षेत्रों में पहुंच मार्ग का काम सबसे पहले किया जाएगा।

### जल्द शुरू होंगे काम

पिछड़ी संरक्षित जनजाति के बसाहट क्षेत्रों में जल्द ही पहुंच मार्ग निर्माण के साथ अन्य कार्य शुरू होने वाले हैं। ऐसे बसाहटों का चयन कर लिया गया है, गर्मी में यहां भ्रमण भी किया गया है।

**- श्रीकांत कसेर**
सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग

## बाइक व माल वाहक ऑटो में भिड़ंत जीजा साले की मौके पर मौत



घायल का उपचार करती चिकित्सक।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा**

कटघोरा नगर के कसनिया के पास दोपहर लगभग 2 बजे तेज़ रफ़्तार बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे माल वाहक ऑटो से जा भिड़े, यह भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में बाइक सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसनिया के पास बुधवार दोपहर 2 बजे के आसपास ग्राम मल्दा निवासी मनीष चौहान व उसका साला संतोष चौहान चांपा के मोटर सायकल से निकले और कटघोरा अहिरन नदी कसनिया के पास विपरीत दिशा से आ रही माल वाहक ऑटो से जा भिड़े। घटना को देखने वालों ने बताया कि बाइक सवार युवक काफी तेज रफ्तार में जा रहे थे ऑटो को देख वे अपना नियंत्रण खो बैठे और माल वाहक ऑटो से जा भिड़े। इस हादसे में दोनों ही युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा डायल 112 तथा कटघोरा थाना में तत्काल सूचित किया गया। मौके पर पहुंची डायल 112 ने दोनों मृतक के शव को कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जानकारी अनुसार दोनों मृतक रिश्ते में जीजा और साला हैं। मनीष चौहान ग्राम मल्दा का रहने वाला था और इस समय वो चांपा अपने ससुराल में रहकर वहां काम करता था। मृतक मनीष चौहान अपने साले संतोष चौहान के साथ ग्राम मल्दा घूमने आया हुआ था और बुधवार को चांपा वापस जाने के लिए निकले थे लेकिन कटघोरा कसनिया के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस घटना से दोनों के परिवार में मातम की पसर गया है। फिलहाल कटघोरा पुलिस ने दोनों मृतको का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना पर मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

# धरना प्रदर्शन और रैली के लिए प्रशासन की अनुमति जरूरी



अधिकारियों की बैठक लेती प्रभारी कलेक्टर।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

आयुक्त नगर निगम एवं प्रभारी कलेक्टर श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने अधिकारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, रैली-जुलूस आदि ना किए जाएं। असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस एवं प्रशासन की पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय एवं तालमेल से सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्थानीय समस्याओं धार्मिक मुद्दों आदि को गंभीरता से सुलझाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुविभागीय अधिकारी एवं एसडीओपी आपसी समन्वय से सामाजिक प्रतिनिधियों की बैठक लेकर सौहार्द्र पूर्ण माहौल में स्थानीय मुद्दों का निराकरण करें, कहीं पर भी संवाद शून्यता नहीं होना चाहिए। बैठक में आईपीएस अधिकारी रविंद्र मीणा, एडिशनल एसपी यूबीएस चौहान, नेहा वर्मा, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, डीएसपी बी मिंझ, प्रतिभा मरकाम, एसडीएम कटघोरा सरोज महिलांगे, तहसीलदार राहुल देव पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत डोकरमना में विद्यालय शुरू करने की मांग

**कोरबा।** ग्राम पंचायत डोकरमना के आश्रित ग्राम तेलारबहर के नाम से प्राथमिक शाला स्कूल संचालित था, जो अब बंद है। जिसके संचालन की मांग ग्राम पंचायत डोकरमना के सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। सरपंच द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम डोकरमना के अन्तर्गत तेलारबहर के नाम से बहुत पहले प्राथमिक शाला स्कूल संचालित था। मगर 2 वर्षों से बंद हो गया है। तेलार बहर के ग्रामीणों के बच्चो को नदी नाला पार कर कई किलोमीटर दूर स्कूल जाना पडता है। जिससे नदी नाले में पानी बढ़ जाने से बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाते है और हर रोज स्कूल नहीं जा पाते है। गांव से ही कई किलोमीटर स्कूल होने से बच्चों को माता पिता के द्वारा भी स्कूल नहीं भेजा रहा है,। उक्त गांव में बच्चों की संख्या 35 है, जिससे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं तथा शासन के नियमानुसार हर बच्चों को स्कूल शिक्षा देना अनिवार्य है। परंतु शासन प्रशासन स्कूल को बंद कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। शिक्षक के द्वारा बोला गया था कि स्कूल को 16 जून से चालू किया जावेगा। अभी तक स्कूल में ना तो मरम्मत कार्य शुरू हुआ है और ना ही स्कूल अभी तक खुली है।

## उमस भरी गर्मी ने बिजली की खपत में किया 30 प्रतिशत का इजाफा

**कोरबा।** गर्मी के समय जिले में बिजली की खपत 220 मेगावॉट तक हो रही है। सामान्य दिनों में बिजली की खपत 160 से 170 मेगावॉट तक होती है। गर्मी के समय 190 मेगावॉट तक पहुंचती है लेकिन इस बार 30 प्रतिशत से अधिक खपत हो रही है। इसका मुख्य कारण गर्मी का कम नहीं होना है। बिजली खपत बढने की वजह से ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। लोड बढने से रोज ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। क्योंकि दिन-रात एसी-कूलर घरों और प्रतिष्ठिानों में चल रहे हैं। बिजली बंद की समस्या का भी सामना विद्युत वितरण कंपनी को करना पड़ रहा है।

TOP IN JANJGIR
N.S.D.C National Skill Development Corporation Transforming the skill landscape
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
0 MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
0 OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
0 DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
0 EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
0 डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
0 पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य बहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य बहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

# बाल श्रम निषेध दिवस पर शिविर में दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा**

सांस्कृतिक भवन कटघोरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में आयोजित विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें व्यवहार न्यायालय कटघोरा से न्यायाधीश श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा एवं न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी व न्यायाधीश सुश्री रूपल अग्रवाल और पैरालीगल वालेंटियर्स रवि शंकर सागर, आरती मंगेशकर, तलवीर सिंह, रवि शंकर सोनी, रमा साहू, प्रद्युम यादव व 50 जनसमूहों की उपस्थित उक्त शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बताया गया कि बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 भारत की संसद और श्रम व रोजगार मंत्रालय द्वारा 23 दिसम्बर 1986 को एक अधिनियमित एक कानून बना है। जिसमें 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रम कहा गया है जिससे तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को रोजगार श्रम नहीं कराया जा सकता। न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी ने बताया कि अधिनियम कुछ निर्दिष्ट खतरनाक ब्यवसायों और प्रक्रियाओं में बच्चों के रोजगार पर प्रतिबंध लगाता है।



# कटघोरा पुलिस ने छुरी में नाकेबंदी कर चलाया सघन जांच अभियान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छुरी धनरास मोड़ पर पुलिस के द्वारा नाकाबंदी करने के साथ विशेष अभियान को चलाया गया। पुलिस की टीम ने थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में वाहनों को रूकवाकर जांच की।

चालकों की स्थिति को जानने के लिए एल्कोमीटर का उपयोग किया गया। इस दौरान एक जेसीबी चालक, दो ट्रैक्टर चालक और तीन दोपहिया चालक शराब के नशे में पाए गए। जांच करने पर इन मामलों में शराब का स्तर निर्धारित पैरामीटर से अधिक पाया गया। इसे यातायात नियमों का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया। कटघोरा पुलिस ने छुरी के नजदीक झोराघाट में अभियान के अंतर्गत ऐसी कार्रवाई की और 8 गाड़ियों को जब्त किया। जिनके चालक नशे में पाए गए, उन पर भी 185 का मामला दर्ज किया गया। जबकि सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वाले लोगों पर आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 6 वाहन चालक नशे की हालत में मिले जिन पर धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई।



कार्यवाही करती पुलिस विभाग की टीम।

13 - June -Jas-cori-janj-Bhoomi pg- 3_Layout 1 6/13/2024 7:38 PM Page 1






# सनी देओल ने बदला अपना लुक शर्टलेस होकर शेयर किया वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल ने 'गदर 2' के साथ एक बार फिर से इंडस्ट्री में धमाकेदार वापसी की है। सनी की 'गरद 2' ने बॉक्स ऑफिस को हिलाकर रख दिया। ऐसे सालों बाद सनी को गदर में देखकर फैंस काफी खुश नजर आए। फिल्म के हिट होते ही सनी एक बार फिर से खबरों में बने हुए हैं। इस वक्त उनकी झोली में कई बड़ी फिल्में हैं। वहीं, सनी का नया लुक चर्चा में बना हुआ है। 66 साल के सनी ने अपने नए लुक से सोशल मीडिया पर गदर मचा दिया है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक्टर अपने लुक से 40 साल से भी कम नजर आ रहे हैं। वीडियो में सनी बिना शर्ट के दिख रहे हैं। उन्होंने सिर पर एक ब्लैक कलर की टोपी और काला चश्मा लगाया है।

लाइफStyle



# आलिया

## 'कल्कि 2898 एडी' की तारीफ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे।


आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट स्टोरी पर 'कल्कि 2898 एडी ' का ट्रेलर साझा किया। साथ ही उन्होंने अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा और निर्देशक नाग अश्विन सहित फिल्म के सभी कलाकारों को टैग करते हुए लिखा, 'यह अवास्तविक लग रहा है' एक क्लैप इमोजी के साथ। आलिया भट्ट आखिरी बार रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जल्द ही आलिया निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। अब जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ तो इसमें दिशा का लुक भी सामने आ गया। जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है, तभी से प्रशंसकों और सितारों की प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई थीं, अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर आलिया भट्ट की प्रतिक्रिया आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्रभास ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि निर्देशक नाग अश्विन ने फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को वैश्विक दर्शकों को ध्यान में रखते हुए बनाई है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए बनाई गई है, जिस वजह से इसका बजट काफी तगड़ा है।

## हॉलीवुड मसाला



# कानूनी फीस भरते-भरते कर्ज में डूबे

**लॉस एंजिलिस।** दो बार के ऑस्कर विजेता मशहूर हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी पर कुछ वर्ष पहले यौन उत्पीड़न कई आरोप लगे थे। हालांकि, बीते वर्ष वे सभी आरोपों से बरी हो गए। यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के किसी मामले में वे दोषी नहीं पाए गए। लेकिन, खुद पर लगे आरोपों के बाद उनके कई वर्ष कोर्ट के चक्कर काटते हुए बीते और कानूनी फीस का खर्चा भी बेहिसाब आया। अब हालात ऐसे हो चुके हैं कि अभिनेता कर्ज के बोझ तले दबे हैं।



# ड्वेन जॉनसन को 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर लगी चोट

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता ड्वेन जॉनसन को फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के सेट पर दाहिनी कोहनी में काफी गंभीर चोट लगी है। अभिनेता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि जॉनसन की चोट से प्रोजेक्ट पर असर पड़ेगा या नहीं, क्योंकि चोट पर किसी भी टिप्पणी के लिए ए24 से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।ड्वेन जॉनसन ने हाल ही में, इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट कर फैंस को इसकी जानकारी दी है। ड्वेन ने कहा, 'जैसा कि आप लोग जानते हैं, मैं 'द स्मैशिंग मशी'न नामक एक फिल्म की शूटिंग कर रहा हूं , और जब भी आपकी फिल्म का नाम 'द स्मैशिंग मशीन' होता है , तो आप चकनाचूर हो जाते हैं।' अपनी कोहनी में सूजन की ओर इशारा करते हुए अभिनेता ने आगे कहा, 'ऐसा लगता है कि मेरी कोहनी के निचले हिस्से में खरबूजा जैसा कुछ है।



# पर्दे पर देख पाएंगे किरण की कहानी

**नई दिल्ली।** बायोपिक किसी प्रेरणादायी शख्सियत की जिंदगी से लोगों को रूबरू कराने और उन्हें प्रेरित करने का एक बेहतरीन तरीका है। बीते कुछ समय में कई बेहतरीन बायोपिक फिल्में बनी हैं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा भी है। जल्द ही फ्रीस्टाइल तैराकी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की बायोपिक 'चंदू चैंपियन' भी रिलीज होने वाली है, जिसमें अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। इस बीच अब भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी डॉ. किरण बेदी पर भी बायोपिक बनने जा रही है। दर्शक जल्द ही किरण बेदी की जिंदगी को पर्दे पर देख पाएंगे। 11 जून को फिल्म के निर्माताओं ने एक वीडियो जारी करते हुए इसकी घोषणा की है।



# ललित ने कुमार सानू से जताई नाराजगी

**मुंबई।** शाहरुख खानी की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से है। इस फिल्म को देश-विदेश दोनों से बहुत प्यार मिला। वहीं, इस फिल्म के गाने आज भी लोगों की जुबान पर चढ़े रहते हैं। हालांकि, अब इस फिल्म के लिए गाना कंपोज करने वाली जोड़ी जतिन-ललित के ललित पंडित ने कुमार सानू संग नाराजगी व्यक्त की है। ललित पंडित ने कहा कि ये थोड़ा परेशान करने वाला है कि तुझे देखा तो ये जाना सनम गाने वाले कुमार सानू ने गाने के बोल लिखने वाले आनंद बक्शी और गाने के लिए संगीत तैयार करने के लिए हमें (जतिन-ललित) कभी क्रेडिट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि उनका (कुमार सानू) लगातार ये कहना कि ये'मेरा गाना है, मेरा गाना है', ये बात अच्छी नहीं है। कंपोजर ललित पंडित ने कहा कि एक गाना कभी भी पूरी तरह के किसी गायक का नहीं होता है।

## टीवी मसाला



# ऐश्वर्या सखुजा बनीं सर्टिफाइड थेरेपिस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या सखुजा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक खुशखबरी को अपने फैंस के संग साझा किया है। वे अब सर्टिफाइड थेरेपिस्ट बन गई हैं। ऐश्वर्या सखुजा 'सास बिना ससुराल' जैसे हिट शो में काम कर चुकी हैं। इस शो के अलावा भी वे कई और शो का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन पिछले काफी समय से वे किसी सीरियल में नजर नहीं आई हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बातें करती नजर आईं। उन्होंने कहा, 'देखिए एक्टिंग फ्री-लांसिंग जैसा काम है। अगर काम मिला तो ठीक नहीं तो इतंजार करते रहिए। बीच में पता नहीं क्यों मुझे काम मिलना एकदम बंद हो गया और इसके लिए मैं किसी को ब्लेम नहीं करना चाहती हूं। जब मुझे काम मिल रहा था तब मैंने किसी को इसके लिए धन्यवाद नहीं कहा तो अब क्यों किसी को दोष दूं'। 'जब मैं अपने जिंदगी के लो फेज से गुजर रही थी तब मेरे पति ने मुझे काफी सपोर्ट किया। उन्होंने ही मुझे एक थेरेपिस्ट के पास भेजा था। वहां जाकर मैं काफी ठीक हो गई। फिर मेरी थेरेपिस्ट ने ही मुझे सलाह दी कि मैं थेरेपिस्ट बन सकती हूं।


## स्टंट के दौरान शालीन भनोट को 200 बिच्छुओं ने काटा, बिगड़ गया चेहरा

**नई दिल्ली।** शालीन भनोट वर्तमान में टीवी के स्टंट आधारित रिएलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में अपना जलवा बिखेर रहे हैं। उन्होंने अपने



इंस्टाग्राम हैंडल पर शो के सेट से अपना एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। हालांकि, शालीन द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो ने उनके प्रशंसकों को उनके लिए चिंतित कर दिया है। इस वीडियो शालीन काफी घायल नजर आ रहे हैं। शालीन ने इसे अपने प्रशंसकों का श्रेय देते हुए लिखा, 'आप सभी के लिए कुछ भी।' एक रिपोर्ट में बताया गया है कि शो में स्टंट के दौरान शालिन को 200 बिच्छुओं ने काट लिया। इसकी वजह से अभिनेता का चेहरा सूज गया है। कुछ दिनों पहले शालीन को बिना हार्नेस के स्टंट करने की कोशिश करने के बाद स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। हालांकि, शो में अभिनेता के कार्यकाल ने एक और विवाद को भी जन्म दिया है।

# 'पहला नशा' गाना में उड़ गई थी पूजा की स्कर्ट...





**मुंबई।** फराह खान ने अपनी फिल्म जो जीता वही सिकंदर के गाने की कोरियोग्राफी का मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि 'पहला नशा' गाना उनको किस्मत से मिला ब्रेक था। इस गाने को रोमांटिक दिखाने के चक्कर में फराह ने कुछ इंट्रेस्टिंग आइडियाज डाले थे। जैसे पूजा बेदी को मर्लिन मुनरो वाला पोज करना था। इस शूट के दौरान पूजा ऊप्स मोमेंट का शिकार हो गई थीं। पूजा को कार के ऊपर खड़े होना था और पंखे से उनकी स्कर्ट उड़नी थी। फराह बोलीं, मैंने पूजा को बताया कि जब पंखा चले तो अपनी स्कर्ट पकड़ लेना। पहले शॉट में स्पॉट बॉय पंखा पकड़े था। जैसे ही पंखा चला पूजा ने स्कर्ट नहीं पकड़ी और स्पॉटबॉय बेहोश हो गया और मैंने पहली बार देखा था कि थॉन्ग (बहुत कम कपड़े वाला अंडरवेअर) कैसे दिखते हैं। पूजा बिंदास थीं, उन्हें फर्क नहीं पड़ा।

# 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस कर रहे विशेष शो की मांग...



**मुंबई।** नाग अश्विन निर्देशित 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बड़े-बड़े सितारों से सजी इस फिल्म का देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट 27 जून निर्धारित की गई है। बीते सोमवार की शाम ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। ट्रेलर के बाद फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फैंस आंध्र प्रदेश के शहरों में बड़े पैमाने पर विशेष शो की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा हैदराबाद में भी सुबह 3 बजे से विशेष शो की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में सरकार बदली है।

## फिर भी इन सितारों ने ठुकराया शो का ऑफर

# बिग बॉस की बदौलत मिलता है दौलत, शोहरत और करियर के मौके

*नई दिल्ली। बिग बॉस भारतीय टेलीविजन पर सबसे लोकप्रिय टीवी शो में से एक है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान होस्ट करते रहे हैं। अब की बार अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। यह शो बिग ब्रदर पर आधारित है, जिसमें एक-दूसरे को न जानने वाले सेलिब्रिटी एक साथ रहते हैं। कई सेलिब्रिटी को बिग बॉस में भाग लेना बेहद मुश्किल लगता है और कई बार संपर्क किए जाने के बावजूद उन्होंने घर में प्रवेश करने के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। आज हम आपको कुछ ऐसे सितारों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने कई बार ऑफर मिलने के बावजूद लोकप्रिय रियलिटी टेलीविजन शो बिग बॉस का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है।*



**अनुषा दांडेकर :** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अनुषा दांडेकर का। अभिनेत्री अनुष्का दांडेकर को लेकर खबर आ रही थी कि वे इस बार बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा बनने वाली हैं, जिसे अनिल कपूर होस्ट करने वाले हैं। हालांकि, इस अफवाहों का खंडन करते हुए अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा की थी और उन्होंने बताया था कि वे बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में शामिल नहीं हो रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उन्हें कई बार बिग बॉस का ऑफर मिला है और वे इसे पहले ही ठुकरा चुकी हैं।



**फैजल खान :** इस लिस्ट में अगला नाम अभिनेता फैजल खान है, जो बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के भाई हैं। फैजल को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने बिग बॉस 16 के लिए संपर्क किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो में इसके बारे में खुलासा किया था, 'हाय दोस्तों, सब कैसे हैं? मुझे थोड़ा वायरल फीवर हो गया था, पिछले कुछ दिनों से ... पर अब मैं काफी बेहतर हूं, दवा खाई मैंने। मैंने अपने कई दोस्तों से बात की और जाना कि उन्हें भी यह हवा में है, इसलिए कृपया ध्यान रखें। खुशी का दिन है मेरे लिए, क्योंकि मुझे आज दो ऑफर मिले हैं।' उन्होंने आगे बताया 'एक बिग बॉस के लिए था, लेकिन मैंने इसे अस्वीकार कर दिया। एक टीवी सीरियल के लिए एक और प्रस्ताव था। मैं काफी उत्साहित हूं कि लोग मेरे बारे में सोच रहे हैं और मुझ पर विचार कर रहे हैं। मैं खुश हूं। कृपया मेरे लिए प्रार्थना करें कि मुझे कुछ अच्छा काम मिले, ताकि मैं आप सभी का मनोरंजन कर सकूं चाहे वह वेब सीरीज हो या फिल्म।'



**दिव्यांका त्रिपाठी :** अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी से कई साल से इस शो के लिए संपर्क किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने कभी हां नहीं कहा। दिव्यांका से एक अन्य लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में आने के बारे में पूछा गया था। दिव्यांका ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं कभी बिग बॉस करूंगी या नहीं। शो मुझे थोड़ा डराता है, जैसा कि मैंने आपको पहले बताया, मैं अपनों के बीच रहने वाली हूं, इसलिए इसके ऊपर से घर से दूर रहना और मेरे पति विवेक, ये सभी विचार मुझे डराते हैं और मुझे यह मुश्किल लगता है तो यह मेरा फोबिया है। मैं अपने परिवार से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकती। यह एक मुश्किल काम है।'



**नेहा धूपिया :** अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कहा है कि उन्हें 'बिग बॉस' के घर में जाने की कोई इच्छा नहीं है। नेहा ने कहा, 'मैं 'बिग बॉस' बहुत देखती हूं। मैं सलमान खान की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। शो देखने की वजह वे ही हैं, लेकिन मैं कभी भी घर में नहीं जाऊंगी। लोगों को लगता है कि हम हमेशा लाइमलाइट में रहते हैं, इसलिए हमारे लिए कैमरा लेकर घूमना आसान है, लेकिन हर समय कैमरा मेरे ऊपर होने से मैं बहुत असहज महसूस करती हूं। मुझे लगता है कि होस्ट के तौर पर सलमान बिल्कुल शानदार हैं। जिस तरह से वे प्रतिभागियों से बात करते हैं, वह परिस्थितियों को पूरी तरह से सही ठहराते हैं। मुझे लगता है कि उन्होंने शो को देखने लायक बना दिया है।



**अर्जुन बिजलानी :** टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर सितारों में से एक अर्जुन बिजलानी को भी बिग बॉस के निर्माताओं ने ऑफर दिया था। एक साक्षात्कार में अर्जुन ने बिग बॉस में हिस्सा न लेने की वजह बताई थी। उन्होंने कहा था, 'नहीं, मैं बिग बॉस 15 का हिस्सा नहीं हूं, क्योंकि मैं दूसरे शो के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं अक्टूबर के अंत में शूटिंग खत्म कर लूंगा, इसलिए मेरे लिए बिग बॉस के घर में प्रवेश करना संभव नहीं है। मूल रूप से शूटिंग सितंबर में खत्म होने वाली थी और मुझे लगा था कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले पाऊंगा। हालांकि, इसमें देरी हो गई और चीजें ठीक नहीं हुईं।'

## खबर संक्षेप

### बीआरसी भवन में हुआ चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह जोन में एफ एल एन प्रशिक्षण चार दिवसीय प्रथम चक्र का सफलतापूर्वक बीआरसी सी भवन में 10 जून से 13 जून तक हुआ। जिसमें लखुर्री ,बम्हनीडीह ,पुछेली के शिक्षक -शिक्षिका सम्मिलित होकर बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की समझ बढाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निम्नांकित बिंदुओं पर गहनता से चार दिवस प्रशिक्षक दुष्यंत सिंह राज, गुलजार बरेठ , धरमदास मानिकपुरी, अजीम प्रेमजी फाऊन्डेशन के निशांत द्वारा विकासखंड शिक्षाधिकारी एम डी दीवान के नेतृत्व व बीआरसीसी एच के बेहार के मार्गदर्शन में आहुत किया गया

### आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में चार लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम चमरवाह निवासी मृतक स्वर्गीय महेश मांझी के तालाब के पानी मे डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती मंगली बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों की अधीन प्रदान की गई है।

### डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन कल तक

**जांजगीर-चांपा।** होटल मैनेजमेंट के डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन 15 जून तक आमंत्रित किया गया है। इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र जमा करने के इच्छुक युवा अपना आवेदन पत्र 15 जून तक जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते है। जिले के खनन प्रभावित एवं अन्य क्षेत्रों के युवाओं को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, नवा रायपुर में बी.एस.सी. हास्पिटीलिटी एण्ड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विसेस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग में डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स हेतु आमंत्रित किये गए है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है को यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष की भांति जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल में 1 अप्रैल से लाइव कर दिया गया है। कोई भी बच्चा जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष से अधिक नहीं है जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, उक्त पोर्टल पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उपरोक्तानुसार जिले के बच्चों को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अधिक से अधिक योग्य बच्चों को ऑन लाइन नामांकित किया जा सकता है।

### स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए आवेदन 31 तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास व आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 2 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 31 मई को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक- 07817222032 है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 7879304444 है।

### फांशी के फंदे पर लटकते मिली युवक की लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेगांव में एक युवक की लाश फंदे से लटकी मिली है। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है, पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। जहां मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया जाएगा। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रेगांव निवासी अनिल भगत पिता मासिक राम भगत उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है मृतक बीती रात में खाना खाकर घर पर सोया था। लेकिन देर रात वह घर से कब निकला यह किसी को पता नहीं है। छिले हफ्ते भर से ठीक नही थी।

---

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में मरम्मत एवं अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने हुई चर्चा

# खरीफ फसल की सिंचाई के लिए 5 जुलाई से नहरों में छूटेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**2 लाख 47 हजार 400 हेक्टेयर का रखा गया है लक्ष्य**


बैठक में चर्चा करते कलेक्टर आकाश छिकारा, जनप्रतिनिधि व किसान।

कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हसदेव बांगो परियोजना के अन्तर्गत हसदेव बांयी तट एवं हसदेव दांयी तट नहर प्रणाली में खरीफ सिंचाई के लिए 5 जुलाई से पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा खाद बीज की उपलब्धता एवं नहरों की मरम्मत एवं अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने भी चर्चा हुई ।

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2024 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक गुरुवार 13 जून को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सचिव कार्यपालन अभियंता हसदेव नहर जल संभाग जांजगीर के द्वारा बांध में जल उपलब्धता की जानकारी दी गयी, जिसके अनुसार हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा, सक्ती, कोरबा एवं रायगढ़ जिले हेतु अगामी खरीफ वर्ष 2024 हेतु सिंचाई क्षमता 2 लाख 47 हजार 400 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 10 जून की स्थिति में हसदेव बांगो बांध में कुल जल भराव क्षमता का 43.08 प्रतिशत है। समिति द्वारा विचारोपरान्त हसदेव बांगो परियोजना के अन्तर्गत हसदेव बांयी तट नहर प्रणाली एवं हसदेव दांयी तट नहर प्रणाली में खरीफ सिंचाई वर्ष 2024 हेतु 5 जुलाई से पानी प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जलाशयों में उपलब्ध जल भराव, खरीफ वर्ष 2024 के सिंचाई कार्यक्रम, फसल का लक्ष्य निर्धारण तथा खाद, बीज व कीटनाशक की उपलब्धता जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक केशव चन्द्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, दुष्यंत सिंह, राजशेखर सिंह, संदीप तिवारी, शिव कुमार तिवारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, नहरों की मरम्मत करने, जल संसाधन विभाग के जलाशय एवं अन्य रकबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने खाद बीज के भंडारण तथा वितरण की चर्चा करते हुए खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग को आपसी समन्वय के साथ अतिक्रमण में लाल झंडा लगाकर चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद बीज उठाव के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि सोसायटी में खाद-बीज का भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि उन्नत किस्म और कम अवधि वाले धान बीज का उपयोग करना किसानों के लिए अधिक फायदेमंद है। किसानों को इसका उपयोग करने, जमीन की उरर्वता बनाये रखने के लिए फसल चक्र लेने प्रोत्साहित करने कहा।

---

# चरमराई बिजली सेवा, पांच से छट घंटे हो रही कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा



**कोसमंदा।** विद्युत सब स्टेशन सारागांव अंतर्गत आने वाले गांवों में बिजली सेवा पूरी तरह से चरमरा गई है। यहां पांच से छह घंटे कटौती होना आम बात हो गया है। इसके अलावा

- **जर्जर केबल व ओवर लोड की खामियाजा भुगत रहे ग्राम वासी**

मौसम खराब का बहाना बनाकर फिर से बिजली बंद कर दिया जा रहा है।

विद्युत सबस्टेशन सारागांव से विद्युत सेवा सही ढंग से बहाल नहीं हो रही है। इसके चलते कई गांवों में अधिकांश समय कटौती ही देखी जा रही है। सारागांव सब स्टेशन में शामिल सबसे बड़े ग्राम पंचायत कोसमन्दा में बिजली व्यवस्था सबसे खराब दौर से गुजर रही है। दिन भर 5 से 6 घंटे परमिट के नाम से कटौती होती है। इसके बाद शाम होते ही मौसम खराब के नाम से 2 से 3 घंटा रोज बिजली बंद हो रहा है। उसके बाद चालू किया जाता है तो केबल टूटना, इंसुलेटर फटना आदि समस्या से जूझना पड़ता है। प्राब्लम मिल गया तो सप्लाई चालू नही तो रात भर के लिये बंद ये हाल है। लोगो की हमेशा से मांग रही है कोटाडबरी से जोड़ने की। पूर्व में कोसमन्दा की सप्लाई कोटाडबरी सबस्टेशन से हो रही थी, तब बिजली की सप्लाई बहुत अच्छा था। बाद में अधिकारियों द्वारा काटकर सारागांव में जोड़ा गया है तब से विद्युत व्यवस्था बदहाल है। अधिकारियों का कहना है कि कोटाडबरी सब स्टेशन ग्रामीण फीडर नहीं है। पिछला विधानसभा सत्र में कोसमन्दा को भी नगर पंचायत की घोषणा हो चुकी जिसकी अधिसूचना जारी हो चुका है। कोसमन्दा के ग्रामीणों का कहना अधिकारियों की लापरवाही से ही विद्युत व्यवस्था बदहाल है। कमरीद-कोसमन्दा के गांवों को एक ही फीडर से विद्युत सप्लाई हो रही है, जो कमरीद फिडर नाम से कमरीद को विद्युत सप्लाई करती थी। कोसमन्दा को कोटाडबरी से काटकर उसी फिडर से जोड़ने से जर्जर हो चुकी केबल रोज टूट रहे है व इंसुलेटर फट रहा है, जिससे रिपेयर करने परमिट के नाम पर रोज 10-12 बार कटौती की जाती है। इसी चक्कर में लोगों का विद्युत कर्मचारियों से बहस हो जातीहै।

---

# जिला पंचायत सीईओ ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश फील्ड आफिसरों एवं तकनीकी सहायकों को दिए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रावटे के द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत जनपद नवागढ़ के ग्राम पंचायत पीथमपुर,धुरकोट,महन्त,चौराभाटा अवरिद में हो रहे मनरेगा, अमृत सरोवर के कार्यो का निरीक्षण के दौरान संबंधित सरपंच, सचिव एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर कचरा कलेक्शन, ओडीएफ प्लस, मॉड्यूल गांव, यूजर्स चार्ज, मनरेगा में मजदूर बढ़ाने एवं हॉर्टिकल्चर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

---

# नंदा जाहि गा समेत अनेक छत्तीसगढ़ी गीत पर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

राष्ट्रीय कवि संगम जिला सक्ती एवं सांस्कृतिक विकास मंच सक्ती की जुगलबंदी में मंगलवार 11 जून को अग्रसेन भवन बाराद्वार में सजलकार रमेश सिंघानिया के दो नवीनतम सजल- संग्रह

- **सजल संग्रह दोष नहीं कुछ दर्पण का और आदमी पत्थर हुआ का हुआ विमोचन**


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

दोष नहीं कुछ दर्पण का और आदमी पत्थर हुआ का लोकार्पण समारोह और कवि गोष्ठी संपन्न हुई। दोष नहीं कुछ दर्पण का सजल-संग्रह की समीक्षा जांजगीर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार समीक्षक संतोष कश्यप और आदमी पत्थर हुआ की समीक्षा प्रसिद्ध सजलकार दिनेश रोहित चतुर्वेदी ने की।

समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि मीर अली मीर रहे। उन्होंने अपने सुमधुर कंठ से नंदा जाहि गा समेत अनेक छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशिष्ट अतिथि जांजगीर के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी यादव ने मैं कविता हूं कविता सुना कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा, उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, अग्रवाल समाज के संरक्षक घनश्याम जिंदल, ओमप्रकाश अग्रवाल, जिला पंचायत के सभापति गगन जैपुरिया कोरबा के वरिष्ठ कवि दिलीप अग्रवाल आदि शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्ती के भागवताचार्य राजेंद्र शर्मा ने की। इस कवि गोष्ठी में कोरबा जिले से कृष्ण कांत चंद्रा, बलराम राठौर, दिलीप अग्रवाल, संतोषी महंत श्रद्धा, दिनेश पटेल, तिलोत्तमा पांडे जांजगीर जिले से ईश्वरी यादव, दिनेश रोहित चतुर्वेदी, दयानंद गोपाल, संतोष कश्यप, सक्ति जिले से अनीस अरमान, रामसाय श्रीवास, रघुनाथ जायसवाल, भगत राम साहू, नरेंद्र वैष्णव, सावन गुजराल, कौशल दास महंत, मनीषा भारद्वाज, शुचिता साहू आदि ने भाग लिया और अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। छह घंटे के इस आयोजन में काव्य के सभी रसों की जमकर बरसात हुई। मंच का संचालन दयानंद गोपाल और सावन गुजराल ने किया तथा आभार प्रदर्शन चतुर सिंह चंद्रा ने किया।

---

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पहल पर रिहा हुए बंधुआ मजदूर

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर जिले के 4 मजदूरों को ग्राम -कडोर, तहसील -जवाली, जिला - कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में भठ्ठा मालिक अजय पठानिया द्वारा डरा धमका कर बंधुआ मजदूरी कराया जा रहा था। मुक्त कराकर मूल निवास भिजवाने संबंधी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्राप्त निर्देश के अनुपालन में बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराये जाने के त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सदस्य सचिव, हिमाचल प्रदेश, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिला सक्ती तथा कार्यालय श्रम पदाधिकारी जांजगीर चांपा से संपर्क किया जाकर बचाव दल गठित कर कार्यालय श्रम पदाधिकारी जांजगीर द्वारा जिला दण्डाधिकारी कांगड़ा (हिमालच प्रदेश) से तालमेल स्थापित कर जिला जांजगीर के 4 श्रमिकों को ईंट भठ्ठा मालिक से नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए मुक्त कराकर उनके मूल निवास गृह भिजवाने हेतु निवेदन किया गया। बचाव दल के द्वारा शिकायत पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही करते हुए मजदूरों को भठ्ठा से निकाल कर एवं मजदूरी का भुगतान कराकर उनके मूल निवास भिजवाने की कार्यवाही की गई। जिसके परिणामस्वरूप सभी मजदूर सकुशल अपने निवास स्थान पर पहुंच गए हैं। जिसकी पुष्टि जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन पर मौके पर पैरालीगल वालेण्टियर के माध्यम से करायी गई।

---

# दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं प्रोत्साहन और शिक्षा प्रदान करें

**चांपा।** समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम, दिव्यांगों के संपूर्ण सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रीय सामाजिक संस्था है। सक्षम का राष्ट्रीय अधिवेशन महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षण संस्थान कर्वे नगर पुणे महाराष्ट्र में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय अधिवेशन में 11 00 ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि स्वामी गोविंद देवगिरी महाराज, कोषाध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या मुख्य वक्ता दत्तात्रेय होसबोले, सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद राज तथा प्रेरक दिव्यांग अतिथि के रूप में सत्येंद्र सिंह लोहिया पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त तैराक इंदौर भावेश भाटिया प्रसिद्ध उद्योगपति महाबलेश्वर मध्य प्रदेश कुमारी गौरी गाडगिल अभिनेत्री पुणे शिवम पोरवाल उद्योगपति आईटी अहमदाबाद रहे। श्री होसबोले ने कहा कि दिव्यांगों को सहानुभूति की आवश्यकता नहीं, उन्हें अवसर प्रोत्साहन और शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है फिर वे स्वाबलंबी होकर देश के पुनर्निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। इस अधिवेशन में जांजगीर चांपा से प्रोफेसर अनुराधा राठौर, श्रीमती शीला राठौर, श्रीमती प्रीति सराफ, कुमारी रोशनी सराफ, गणेश सराफ, विनोद यादव, डॉ. कमल किशोर कौशिक, डॉ. संतोष सोनी, बिलासपुर से अंजलि चावड़ा ,अनूप पांडेय कवर्धा से डॉ. दिलीप तिवारी रायपुर से पदमा शर्मा ,अविनाश चटर्जी सहित छत्तीसगढ़ प्रांत से 24 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल सक्षम के पदाधिकारी।

---

# शिक्षकों को दिया गया चार दिवसीय प्रशिक्षण

**सक्ती।** राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार राज्य के सभी विकासखंड में समस्त संकुल के समस्त प्रथमिक शाला के शिक्षकों का नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी बच्चों को एफ.एल.एन. दक्षता प्राप्त करने हेतु एफ.एल.एन. प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सभी विकासखंड को 3 जोन में आबंटित किया गया है। जिसमे सक्ती विकासखंड के सकरेली जोन में प्रथम चरण का चार दिवसीय प्रशिक्षण 10 जून से 13 जून तक संपन्न हुआ। इसमें सम्मिलित संकुल केंद्र बाराद्वार बस्ती, पोरथा नन्दौर खुर्द, जगदल्ली और जाजंग की प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक सम्मिलित हुए। सभी शिक्षकों ने इस भीषण गर्मी मे भी बड़े तन्मयता से अनुशासित रहकर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं सभी शिक्षक ने प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी और उसके लाभ बच्चों तक पहुंचाने की बात कही। प्रशिक्षण संपन्न कराने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पी राठौर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जी.आर. दिनकर , संकुल प्रभारी सकरेली बा आई एस राठिया, सत्येंद्र सिंह चौहान श्याम सिदार,मोहन प्यारे पटेल,मदन मोहन जायसवाल ,देव भारद्वाज,अभिमन्यु बघेल एव 5 संकुल के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओ का विशेष सहयोग रहा।


प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक।

---

एबीवीटीपीएस मड़वा में विश्व पर्यावरण सप्ताह में हुए विविध कार्यक्रम

# जल, वायु और भोजन स्वच्छ रहेगा तो जीवन भी होगा पोषित : बंजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


साइकिल रैली में हिस्सा लेते अधिकारी एवं कर्मचारीगण।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम ज्यादा अच्छा कार्य करेंगे तो आने वाला हमारा भविष्य भी बहुत अच्छा रहेगा। जल, वायु और भोजन स्वच्छ रहेगा तो हमारा जीवन भी पोषित होगा।

यह बातें कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने विश्व पर्यावरण दिवस के समापन समारोह के अवसर पर कही। श्री बंजारा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल, हवा और भूमि को प्रदूषण से बचाना हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 से 11 जून तक सप्ताहभर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंगलवार को कांन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव, एसडी द्विवेदी, भरत गड़पाले, आरके साव और एन. लकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) संजय झा ने पूरे सप्ताहभर हुए कार्यक्रम को पीपीटी के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया। आवासीय कॉलोनी की महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। सहायक प्रबंधक (पर्यावरण) ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के लिए इस वर्ष 2024 की थीम- ''भूमि का पुर्नोद्धार मरूस्थलीकरण व सूखे से निपटने की शक्ति '' है। इसके साथ ही नारा - ''हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नोद्धार की पीढ़ी है''। इन्हीं विषयों पर अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक एवं आवासीय परिसर के बच्चों ने नारा, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई। विजयी प्रतिभागियों को कार्यपालक निदेशक एवं अतिथियों के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। पर्यावरण सप्ताह के पूरे कार्यक्रम में सिविल विभाग के कार्यपालन अभियंता चिंतामणी तिवारी, मोहन चौबे, .वंदना ठाकुर, दीपाली गुप्ता एवं श्रीकांत ठाकुर का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर विभिन्न वृत्तों के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिकों की सहभागिता रही।

